न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।

निष्पादन वाद संख्या 16/2024

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक बनाम ब्रजभूषण और अन्य

दिनांकः 05-03-2025

वाद पुकारा गया। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं। बार-बार पुकार कराये जाने पर भी निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

पत्रावली के अवलोकन से यह विदित होता है कि इस न्यायालय द्वारा दिनांक 27-09-2024 को निर्णीतऋणीगण पर नोटिस की तामील पर्याप्त मानी जा चुकी है, किन्तु उसके उपरान्त भी आज निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। डिक्रीदार द्वारा सूचि कागज संख्या 17ग/1 लगायत 17ग/2 में उल्लिखित निर्णीतऋणी की संपत्ति को कुर्क करने की प्रार्थना की गयी है। अतः डिक्रीदार द्वारा प्रस्तुत सूचि कागज संख्या 17ग/1 लगायत 17ग/2 में उल्लिखित निर्णीतऋणी की संपत्ति के कुर्की हेतु अमीन को नियमानुसार परवाना जारी हो। इस निमित डिक्रीदार आवश्यक पैरवी अविलंब करें। पत्रावली दिनांक 01-04-2025 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय सं० 1,
मेरठ।

Digitally signed by SATYA NAND
UPADHYAY
Date: 2025.03.05 16:42:24 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court